डॉक्टर दम्पती से 10 लाख की रंगदारी मांगने वाला आरोपी गिरफ्तार

डॉक्टर दम्पती का ड्राइवर ही निकला रंगदारी मांगने वाला आरोपी

सादुलपुर, (निसं)। राजगढ़ में डॉक्टर दम्पती को वाट्सएप कॉल व मैसेज कर 10 लाख रूपये की रंगदारी मांगने तथा नहीं देने पर जान से मारने की धमकी देने के आरोप में सोमवार को राजगढ़ थाना पुलिस एवं एन्टी गैंगेस्टर टोस्ट फोर्स टीम ने आरोपी को अवैध हथियार मय पांच कारतूस सहित गिरफ्तार कर लिया है। रंगदारी मांगने वाला आरोपी डॉक्टर दम्पती का ड्राईवर ही निकला।

जिला पुलिस अधीक्षक चूरू जय यादव आई.पी.एस ने बताया कि 11 अप्रेल डॉ. मनमोहन गुप्ता ने पुलिस थाना में रिपोर्ट देकर मामला दर्ज करवाया था कि 19 मार्च से उसके मोबाइल नम्बर एवं उसकी पत्नी के मोबाइल नम्बर पर अज्ञात व्यक्ति ने वाट्सएप कॉल व मैसेज करके उसे जान से मारने की धमकी देकर अपने आपको रोहित गोदारा व लोरेंस गैंग व सोपू गैंग का सदस्य बता रहा है तथा 10 लाख रूपये की रगंदारी की मांग कर रहा है। रूपये नहीं देने पर मुझे जान से मारने की धमकी दे रहा है। जिस पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर प्रकरण का अनुसंधान सुरेन्द्र कुमार उपनिरीक्षक पुलिस थाना राजगढ़ जिला चूरू द्वारा शुरू किया गया।

राजगढ़ थाना पुलिस एवं एन्टी गैंगेस्टर टोस्ट फोर्स टीम ने आरोपी को गिरफ्तार किया।

पुलिस की अलग-अलग टीम द्वारा तकनीकी सहायता प्राप्त कर आसुचना संकलन कर पीड़ित डाक्टर के पास कॉल करने वाले व्यक्ति की पहचान कमल कान्त पुत्र बलवीर जांगिड़ निवासी वार्ड नम्बर 29 रामदेव मन्दिर के पास कस्बा राजगढ़ के रूप में कर आरोपी की तलाश शुरू की गई। जिस मोबाइल नम्बर से वाट्सएप कॉल किया गया था उसकी कैफ आईडी व टावर लॉकेशन का पता कर टीम द्वारा फॉजिलका पंजाब एवं श्री गंगानगर पहुंच सिम कार्डधारक से अनुसंधान किया गया व साक्ष्य संकलन करते हुए आसूचना संकलन की गई तो पता चला कि आरोपी कमल कान्त द्वारा

- **आरोपी के कब्जे से अवैध हथियार मय पांच कारतूस बरामद**

शातिराना अन्दाज में श्री गंगानगर में अनजान वृद्ध व्यक्ति का मोबाईल फोन कॉल करने के बहाने लेकर ओटीपी प्राप्त करते हुए उक्त अनजान वृद्ध व्यक्ति का वाट्सएप अपने मोबाईल में चलाकर उक्त वाट्सअप नम्बर को ही धमकी देने के लिए उपयोग में लिया गया। जिसका खुलासा टीम द्वारा साईबर तकनीकी का उपयोग करते हुए किया जाकर सही आरोपी की पहचान की गई। टीम द्वारा आरोपी कमल कान्त जागिड को कस्बा राजगढ़ में तलाश कर दस्तयाब कर गिरफ्तार कर लिया गया।

एसपी जय यादव ने बताया कि आरोपी के कब्जा से एक पिस्टल व पांच कारतूस बरामद किये गये। जिसका अलग से प्रकरण दर्ज किया जाकर अनुसंधान किया जा रहा है तथा आरोपी कमल कान्त से रंगदारी मांगने के मामले में गहनता से पूछताछ की जा रही है।

समाजसेवी ने विद्यालय में पानी की टंकी भेंट की

रतनगढ़, (निसं)। तहसील के निकटवर्ती ग्राम नोसरिया की राजकीय उच्च प्राथमिक संस्कृत विद्यालय में सोमवार को समाजसेवी रेवंतराम नाई ने पानी की टंकी भेंट की है।

अपने पिता जोराराम नाई की स्मृति में उनके पुत्र समाजसेवी रेवंतराम नाई के आर्थिक सहयोग से 550 लीटर की विद्यालय में अध्यनरत छोटे बच्चों के पानी पीने के लिए प्लास्टिक टंकी भेंट की।

माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ शुरू हुए कार्यक्रम में विद्यालय परिवार द्वारा समाजसेवी नाई परिवार का माला, शॉल व श्रीफल भेंट कर सम्मान किया।

प्रधानाध्यापक पंकज पीपलवा ने विद्यालय में बच्चो के लिए दिए गए सहयोग के लिए समाजसेवी नाई परिवार का आभार व्यक्त करते हुवे विद्यालय में आयोजित गतिविधियों की जानकारी दी।

इस अवसर पर भंवर लाल सारस्वत, धनाराम नाई, मदन शर्मा, नारायण नाई, आसाराम नाई, प्रभु नाई, मदन नाई, डालचंद, प्रकाश, अध्यापक दिनेश भोजक, विकास कुमार खिलेरी, अध्यापिका गायत्री स्वामी, सरजीत सिंह, जीतू सिंह, सोनू, नानू राम, गोविंद सहित दर्जनों ग्रामीण जन व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

एस.ओ.जी. टीम एक बार फिर सादुलपुर पहुंची

एसओजी की टीम ने बस स्टैंड के पास एक फोटो कॉपी की दुकान की तलाशी ली।

सादुलपुर, (निसं)। फर्जी डिग्री व खेल सर्टिफिकेट मामले में सोमवार शाम को एसओजी की टीम फिर सादुलपुर पहुंची तथा बस स्टेंड के पास एक फोटो कॉपी की दुकान की तलाशी ली। तलाशी के दौरान फोटो कॉपी की दुकान में पुलिस ने डोकोमेन्ट बरामद करने की कार्रवाई की। इस दौरान एसओजी के आसपास हथियारबंद पुलिस के जवान तैनात रहे। जानकारी के अनुसार फर्जी डिग्री मामले में एसओजी टीम गिरफ्तार आरोपी को

- **बस स्टैंड पर स्थित एक दुकान पर दी दबिश**

लेकर राजगढ आई तथा आरोपी से पूछताछ में मिली जानकारी अनुसार ही बस स्टैंड पर स्थित एक दुकान पर दबिश देकर तलाशी अभियान अंतर्गत दस्तावेजों की खोजबीन की। हालांकि अधिकारियों ने कुछ बताने से इन्कार कर दिया।

हर घर परिंडा अभियान चलाया

पाटन, (निसं)। नीमकाथाना में स्थित न्यू सेंट्रल एकेडमी स्कूल द्वारा हर घर परिंडा अभियान विद्यालय के प्राचार्य द्वारा चलाया गया।

स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा पुलिस उप पुलिस अधीक्षक कार्यालय, रेलवे स्टेशन, जीआरपी थाना, कलेक्टर कार्यालय, एसडीएम कार्यालय सहित अनेक जगहों पर छायादार वृक्षों पर परिंडे लगाए गए, जिससे बेजुबान पक्षियों को पानी के लिए इधर-उधर नहीं भटकना पड़े।

विद्यार्थियों के द्वारा किए जा रहे कार्य से उपखंड अधिकारी राजवीर यादव ने बच्चों को एक पात्र भोजन, एक पात्र जल का संदेश दिया। इससे पक्षियों को ग्रीष्म ऋतु में भोजन एवं जल दोनों उपलब्ध हो सके। उप पुलिस अधीक्षक अनुज डाल ने बच्चों के इस कार्य की सराहनी की। प्राचार्य ने आमजन को संदेश देते हुए कहा कि ग्रीष्म ऋतु के आगमन पर हर घर पर पक्षियों के लिए पानी एवं दानों की व्यवस्था की जाए, जिससे पक्षियों को दाना और पानी मिल सके। क्योंकि बेजुबान अपनी पीड़ा किसी को नहीं बता सकते। इस सराहनीय कार्य के लिए प्रधानाचार्य ने शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया।

ई.वी.एम. की बजाय बैलेट पेपर से चुनाव करवाने की मांग

झुंझुनूं, (निसं)। बहुजन मुक्ति मोर्चा ने ईवीएम की बजाय बैलेट पेपर से चुनाव करवाने की मांग को लेकर एक बड़ी व्यूह रचना तैयार की है। जी, हां मोर्चा के नेता और बामसेफ के राष्ट्रीय अध्यक्ष वामन मेश्राम के निर्देश के बाद मोर्चे के

- **बहुजन मुक्ति मोर्चा की प्रशासन को चेतावनी, नेतृत्व ने इशारा किया तो ईवीएम मशीनें तोड़ेंगे**

कार्यकर्ता पूरे देश में मतदान केंद्रों पर ईवीएम मशीनों को तोड़ेंगे। यह बड़ी चेतावनी दी गई है। सोमवार को राष्ट्रव्यापी आव्हान पर झुंझुनूं में बहुजन मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने लोकसभा चुनाव 2024 बैलेट पेपर से ही करवाने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया।

इस दौरान ज्ञापन लेने के बावजूद कलेक्टर चैंबर में घुसने की कार्यकर्ताओं ने जबरदस्ती कोशिश की। जिसके चलते कोतवाली पुलिस ने कुछ कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया है।

झुंझुनूं में बहुजन मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने चुनाव 2024 बैलेट पेपर से ही करवाने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया।

बहुजन मुक्ति मोर्चा की सदस्य एवं क्षत्रीय करणी सेना की अध्यक्ष एडवोकेट संगीता सिंह ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट का आर्डर है कि बैलेट पेपर पर ही चुनाव होंगे।

लेकिन सरकार द्वारा जबरदस्ती ईवीएम मशीन से चुनाव करवाया जा रहा है। जबकि ईवीएम मशीन से चुनाव एक बड़ा स्केम है। यदि सरकार उनकी बात नहीं सुनती है तो वे ईवीएम से तोड़फोड़ शुरू कर देंगे, तानाशाही बर्दाश्त नहीं करेंगे। इसी क्रम में बहुजन मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ता चेतन गोहिल ने बताया कि वे पिछले 20 दिनों से झुंझुनूं जिले में ईवीएम मशीन तोड़ने के अभियान के लिए बूथ कमेटियों का गठन कर रहे हैं। नेतृत्व का इशारा मिलेगा तो हमारे कार्यकर्ता मतदान केंद्रों पर ईवीएम मशीन तोड़ने से पीछे नहीं हटेंगे। उन्होंने कहा कि आज पूरे देश में 600 जगहों पर प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपे जा रहे हैं।

लोकसभा चुनाव में भाजपा के संकल्प पत्र का विमोचन किया

सीकर, (निसं)। लोकसभा चुनावों में भाजपा के संकल्प पत्र का विमोचन पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने भाजपा मीडिया सेंटर पर सोमवार को किया।

यूडीएच मंत्री झाबरसिंह खर्रा, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुभाष महरिया, जिलाध्यक्ष डॉ. कमल सिखवाल, लोकसभा सह प्रभारी डॉ. बीएल रणवां, पूर्व जिलाध्यक्ष पवन मोदी व जिला महामंत्री संजय सैनी ने विमोचन किया। इस अवसर पर यूडीएच मंत्री झाबरसिंह खर्रा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने जो संकल्प लिया है उस संकल्प को संकलन पत्र के माध्यम से संकल्प पत्र में लिया है। उन्होंने कहा कि संकल्प पत्र का उद्देश्य यह है कि विकसित भारत के चार स्तंभ युवा, नारी, गरीब, किसान को सशक्त बनाना है। कहा कि गुड गवर्नेस, डिजिटल गवर्नेस और डेटा गवर्नेस के लिए देश में आवश्यक इंफ्रास्ट्रक्चर्स तैयार होंगे। कहा कि भाजपा का यह मानना है कि आजादी के 100 वर्ष पूर्ण होने से पहले-पहले भारत दुनिया की सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति व सबसे विकसित राष्ट्र बने। इसके लिए लघुकालीन योजनाओं की बजाय दीर्घकालीन योजनाएं बनाई जाए। कहा कि ऐसी योजनाओं से देश को सैंकड़ों वर्षों तक लाभ मिलता रहेगा। इसी को ध्यान में रखते हुए भाजपा के संकल्प पत्र में समाज के प्रत्येक वर्ग के लिए चाहे कोई भी योजना हो उसके लाभ के लिए उसको शामिल किया है। महिला सशक्तिकरण को ध्यान में रखते हुए स्वयं सहायता समूह के माध्यम से चार करोड़ लखपति दीदी बनाने की योजना हो, किसानों को समृद्ध बनाने के लिए नई सिंचाई की तकनीक बनाकर नए अवसर पैदा करना प्राकृतिक खेती की ओर अधिक अग्रसर करना है।

पूर्व पुलिस महानिदेशक का अभिनंदन

रतनगढ़, (निसं)। श्री बालाजी कृपा मंडल एवं स्वर्णकार समाज द्वारा सोमवार को पूर्व पुलिस महानिदेशक बी एल सोनी का अभिनंदन किया। जयपुर से सरदारशहर जाते समय अल्प समय के लिए पूर्व पुलिस महानिदेशक सोनी निजी होटल पर रुके, जहां पर समाज के लोगों द्वारा अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर माणक चंद कड़ेल, सत्यनारायण सोनालिया, चेतन सोनी, विष्णु सोनालिया, मनोज सोनी, दिलीप मंडावरा, लक्ष्मीनारायण तोसावड, प्रदीप कुल्थिया, कैलाश डाबर, मदन कुल्थिया, गोविन्द तोसावड सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

'झुंझुनूं में जीत 4 लाख वोटों से होनी चाहिए'

झुंझुनूं, (निसं)। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता राजेंद्र भांबू ने रामनगर बालाजी मंदिर में आयोजित चुनावी सभा में भाग लिया।

कार्यक्रम के मंच परपूर्व सभापति सुदेश अहलावत, प्राचार्य डॉ. रामस्वरूप जाखड़, शिवकरण जानूं, प्रकाश मान, रामनिवास डूडी, कैप्टन सीताराम धींवां, अमरचंद खेदड़ मंच पर उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजेंद्र भांबू ने कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में राष्ट्रिहत में मतदान कर शुभकरण चौधरी को भारी मतों से

- **भाजपा नेता भांबू ने बैठक में लिया हिस्सा**

विजयी बनाएं। झुंझुनूं की जीत चार लाख से अधिक वोटों से होनी चाहिए। अपने संबोधन में सुदेश अहलावत ने कहा कि 19 अप्रेल को सब लोग अपना निजधर्म निभाते हुए शत प्रतिशत मतदान करें। कार्यक्रम का संचालन सूबेदार मेजर धर्मपाल सिंह ने किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में राम नगर व आस-पास के वार्डों के लोग उपस्थित थे।

'वोट करूंगी, तभी तो बढ़ूंगी' स्लोगन के साथ महिला मार्च निकाला

चूरू, (कासं)। जिला निर्वाचन अधिकारी पुष्पा सत्यानी के निर्देशानुसार स्वीप गतिविधि सतरंगी सप्ताह अंतर्गत महिला मतदाताओं की लोकसभा आम चुनाव-2024 के दौरान शत प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु सोमवार को जिला मुख्यालय स्थित नेचर पार्क में रंगोली कार्यक्रम आयोजित किया गया तथा नारंगी रंग की थीम व 'वोट

- **रंगोली बनाकर महिला मतदाताओं से मतदान में भागीदारी की अपील**

करूंगी, तभी तो बढ़ूंगी' स्लोगन के साथ महिला मार्च निकाला गया।

स्वीप नोडल अधिकारी सीईओ मोहनलाल खटनावलिया ने महिला मार्च को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर स्वीप नोडल अधिकारी सीईओ मोहनलाल खटनावलिया ने कहा कि महिलाओं की मतदान में भागीदारी होने से लोकतंत्र की नींव मजबूत होगी तथा सुदृढ़ लोकतंत्र का निर्माण होगा। महिलाएं समाज व परिवार की रीढ़ होती हैं। इसलिए जागरूक महिला मतदाता

स्वीप कार्यक्रम के तहत जिला मुख्यालय स्थित नेचर पार्क में रंगोली कार्यक्रम आयोजित किया।

स्वयं मतदान करते हुए परिवार व समाज के उदासीन मतदाताओं को जागरूक करने में अहम भूमिका निभाएंगी। आईसीडीएस उपनिदेशक डॉ. नरेन्द्र शेखावत ने मतदान की अपील करते हुए मतदान दिवस को महिला आवश्यक रूप से मतदान करें तथा घर-परिवार सहित परिवेश के अन्य मतदाताओं को भी मतदान के लिए प्रेरित करें।

महिला मतदाताओं की शत-प्रतिशत भागीदारी से ही शत-प्रतिशत मतदान का लक्ष्य सुलभ हो सकेगा। महिलाओं ने नेचर पार्क में नारंगी रंग की थीम व 'वोट करूंगी तभी तो बढ़ूंगी' स्लोगन के साथ रंगोली बनाकर तथा नेचर पार्क से नया बस स्टैण्ड, पुलिस लाइन व केन्द्रीय विद्यालय होते हुए जिला कलक्ट्रेट तक महिला मार्च निकालकर महिला मतदाताओं से लोकसभा आम चुनाव 2024 के दौरान मतदान दिवस 19 अप्रैल को आवश्यक रूप से मतदान की अपील की। सीईओ मोहनलाल खटनावलिया ने आवश्यक रूप से मतदान करने का संकल्प दिलाया। इस दौरान बीडीओ प्रवीण सोनी, विधि महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. श्रवण सैनी, सीडीपीओ शिवराज सिंह, प्रशासनिक अधिकारी शुभकरण महर्षि, प्रशासनिक अधिकारी सुरेश दैया, पूनम सैनी, निखिल महर्षि, कपिल शर्मा, कर्णपाल सिंह, नरेंद्र महर्षि, माया सरावग, मंजू, महिला पर्यवेक्षक शशिकला शर्मा, ज्योति वर्मा, शीतल बत्रा, जयकौर, सुनीता, महिला पर्यवेक्षक कृष्णा, पूजा गेट, शिवकुमार शर्मा, प्रभुदयाल, रमेश सिसोदिया, अरूण टुहानिया सहित महिला एवं बाल विकास विभाग के कर्मचारी, अधिकारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता आदि उपस्थित रहे।

विकास के कार्यों से चूरू संसदीय क्षेत्र की अलग पहचान: कस्वां

तारानगर, (निसं)। लोकसभा चुनाव-2024 के पहले चरण में 19 अप्रेल को चूरू लोकसभा में मतदान होना है। कांग्रेस प्रत्याशी राहुल कस्वां लगातार क्षेत्र में प्रचार करने में लगे हुए हैं। सोमवार को राहुल कस्वां तारानगर विधायक नरेन्द्र बुडानिया, सरदारशहर विधायक अनिल शर्मा, माकपा जिला सचिव कॉ. निर्मल कुमार के साथ तारानगर विधानसभा क्षेत्र के गांव-मेहरासर, रातुसर, रायपुरा, कालवासिया, जैतसीसर, बरजांगसर, पिचकराई, शिमला, बोघेरा, बिल्यूं बास रामपुरा और रतनगढ़ शहर में पहुंचे और जन आशीर्वाद लेकर कांग्रेस के पक्ष में मतदान की अपील की।

इस दौरान राहुल कस्वां ने अपने सम्बोधन में कहा कि, हमने जनता के बीच रहकर एवं सबको साथ लेकर विकासवादी सोच के साथ काम किया है। हमने लगातार मेहनत कर जिला मुख्यालय पर पासपोर्ट सेवा केन्द्र, ग्रामीण इलाकों में मोबाईल टावर स्थापना, 39 नये शाखा डाकघरों व 6 नई बैंकों की स्थापना, कर्मचारी भविष्य निधि के ब्रांच ऑफिस की स्थापना जैसे कार्य करवाए हैं, जिनसे आज बड़े स्तर पर लोकसभा परिवारजनों को लाभ मिल रहा है। सड़क इन्फ्रा निर्माण के ऐतिहासिक कार्य हमने करवाए हैं। संसदीय क्षेत्र में 2400 करोड़ रू. से

- **कांग्रेस प्रत्याशी राहुल कस्वां ने गांवों में जनसंपर्क किया**

अधिक की राशि के कार्य करवाए हैं।

आज कुछ सामंती व अहंकारी सोच के लोग सिर्फ बातें बना रहे, जबकि अपने 35 साल के राजनीतिक जीवन में सिवाय एक अनुपयोगी पुलिया के, उनकी कोई उपलब्धि नहीं है। भाजपा नेता सार्वजनिक मंचों से तस्करी को बढ़ावा देने, सरपंचों को धमकी देने, जाति धर्म की बातें कर रहे हैं। ऐसे लोगों को जनता ने विधानसभा चुनाव में नकार दिया है और अब फिर वोट की चोट करने का मानस बना लिया है।

विधायक अनिल शर्मा ने कहा कि बीजेपी ने किसान, युवा, मजदूर, खिलाड़ी बेटियों का शोषण करने के अलावा कुछ नहीं किया। आज के विकट हालात को समझते हुए कांग्रेस और राहुल कस्वां को जीताना अत्यंत जरूरी है।

विधायक नरेन्द्र बुडानिया ने कहा कि राहुल कस्वां और रामसिंह कस्वां ने शालीनता के साथ विकास और मुद्दा आधारित राजनीति की है।ऐसे लोगों को जीताने से लोकतंत्र को मजबूती मिलेगी और चूरू आगे बढ़ेगा।

सार-समाचार

रैली निकालकर मतदान का संदेश दिया

तारानगर, (निसं)। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता जागरूकता अभियान के तहत सतरंगी सप्ताह के पांचवें दिन तारानगर के गांधी पार्क में युवा मतदाताओं द्वारा मोबाइल फ्लैश लाइट जलाकर स्लोग्न मताधिकार का प्रयोग करेंगें वोट करेंगे वोट करेंगे के नारे लगाकर रैली निकाली गई एवं निष्पक्ष व भयमुक्त मतदान का संदेश दिया। इस अवसर पर अधिशाषी अधिकारी अजय प्रताप सिंह, ब्लॉक स्वीप सहप्रभारी छगनलाल छिम्पा, ईएलसी प्रभारी कॉलेज डॉ. अनामिका प्रजापति, नगरपालिका जेईएन सुनिलदत मण्डार, शक्तिसिंह राठौड़, पवन सौलंकी, नितेश उपाध्याय, योगेश इन्दौरिया, सुरेन्द्र जांगिड़, यश शर्मा, विकास, दिनेश दायम सहित विभिन्न विभागों के कर्मचारी व महिलाओं ने भाग लिया।

पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाला

पाटन, (निसं)। आदर्श आचार संहिता की पालना में पाटन पुलिस ने फ्लैग मार्च निकालकर आम जन को शांति पूर्वक चुनाव करने का संदेश दिया। पाटन थाना अधिकारी नेकीराम चौधरी ने बताया कि उच्च अधिकारियों के आदेश की पालना में पाटन तहसील के क्षेत्र में शांतिपूर्वक मतदान के लिए फ्लैग मार्च निकाला गया एवं आमजन से अपील की गई की निर्भीक एवं निडर होकर मतदान करें। यह फ्लैग मार्च कस्बे के मुख्य मार्ग से होते हुए हॉस्पिटल, शहिद कल्याण सिंह चौक, पुराना बाजार होते हुए कोटपूतली रोड नीमकाथाना रोड,हसामपुर , रायपुर होते हुए थाने में पहुंचे। फ्लैग मार्च में आरएसी एवं पुलिस के जवान मौजूद रहे।

स्वीप कार्यक्रम के तहत रंगोली बनाई

तारानगर, (निसं)। तारानगर की माँ जालपा देवी राजकीय महाविद्यालय में ईएलसी व एनएसएस के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को स्वीप कार्यक्रम के तहत रंगोली व महिला मार्च में शत प्रतिशत मतदान करने का संदेश दिया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य हंसराज परिहार ने बताया कि रंगोली के माध्यम से विद्यार्थियों ने मतदाता जागरूकता का संदेश दिया तथा महिला मार्च के माध्यम से महाविद्यालय में एक उत्साह का संचार हुआ है। वरिष्ठ संकाय सदस्य महावीर प्रसाद काला ने स्वीप के तहत हो रहे रंगोली व महिला मार्च कार्यक्रम की महता बताते हुए कहा कि सरकार का मिशन-75 तभी सफल होगा, जब हम 19 अप्रेल को होने वाले निर्वाचन में सारे काम छोडकर सबसे पहले मतदान करेंगे। ईएलसी प्रभारी डॉ. छगनदान ने बताया कि इस अवसर पर डॉ. वीरेन्द्रसिंह मांठ, डॉ. सरिता (एन.एस.एस प्रभारी), हरि कृष्ण, अंकिता चौधरी, डॉ. कमल कुमार, रजनी, मनोज खत्री, अंजली व सभी कर्मचारी तथा विद्यार्थी उपस्थित रहें।

'चुनाव प्रक्रिया सुचारू संचालित हो'

तारानगर, (निसं)। लोकसभा आम चुनाव 2024 के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र तारानगर (20) के सहायक रिटर्निंग अधिकारी रवि कुमार ने बताया कि चुनाव प्रक्रिया सुचारू रूप से संचालित हो इसके लिए आज से चुनाव समाप्ति तक सेक्टर ऑफिसर्स /मजिस्ट्रेट अपने-अपने परिक्षेत्र में रहकर शांति व्यवस्था, मूलभूत सुविधाएं, आदर्श आचार संहिता की पालना सुनिश्चित करेंगे साथ ही ग्राम विकास अधिकारी, बूथ लेवल अधिकारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, वॉलिंटियर्स एवं जनप्रतिनिधियों से समन्वय स्थापित कर अधिक से अधिक मतदान प्रतिशत करवाने का प्रयास करेंगे साथ ही होम वोटिंग के तहत कुल 503 पात्र होम वॉटर्स में से प्रथम चरण में शेष रहे सात मतदाताओं में से पांच मतदाताओं ने द्वितीय एवं अंतिम चरण में अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

'युवा अपने वोट का मूल्य पहचाने'

तारानगर, (निसं)। तारानगर के युवादल की ओर से सोमवार को युवा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें युवा दल के संरक्षक मुकेश फगेड़िया ने युवाओं को मतदान का महत्व बताते हुए कहा कि,युवा अपने वोट का मूल्य पहचाने। लोकतंत्र में एक मत का भी बहुत महत्व होता है इसलिए युवाओं को 19 अप्रेल को होने वाले लोकसभा आम चुनाव में निर्भीक व निष्पक्ष मतदान करने की शपथ दिलवाई गई। इस अवसर पर मोहन पूनिया, राजेंद्र मेहरा, परमेश्वर सारण, कैलाश भाटी, सुरेश शर्मा, अजय प्रजापत, संदीप, राकेश सहित युवादल कार्यकर्ता मौजूद थे।

मां ब्रम्हाणी को रिझाया

रतनगढ़, (निसं)। पंडितपुर आंखों के अस्पताल के पास मां ब्रम्हाणी पल्लूवाली के मंदिर में रविवार रात्रि को "एक शाम,मां ब्रह्माणी के नाम" डेरु जागरण का भव्य आयोजन किया गया। जागरण में राजकुमार एंड पार्टी, छोटडिया ने डेरु की धुन पर लोक भजनों की प्रस्तुति देकर मां ब्रह्माणी को रिझाया। जागरण शुरू होने से पूर्व मंदिर के पुजारी हेमंत बियाला ने मां की ज्योत ली। इस मौके पर केसरदेव बियाला, त्रिलोकचंद, प्रेम प्रकाश, यशवंत व मोहित बियाला, राजकुमार ,जितेंद्र मिश्र, लक्ष्मीनारायण पुरोहित, बाबूलाल बियाला, रामचंद्र शर्मा, ओम सारस्वत सहित अनेकों धर्म श्रद्धालु जन उपस्थित थे।

आदित्य व अनिल का नेटबॉल नेशनल चैम्पियनशिप में चयन

सीकर, (निसं)। एनएच 52 स्थित स्वामी केशवानन्द शिक्षण संस्थान समूह भढाडर सीकर के छात्र आदित्य व अनिल तेली कक्षा 12 का चयन 19 वर्ष छात्र छात्रा नेटबॉल नेशनल चैम्पियनशिप में चयन किया गया है। खेल प्रभारी राहुल ढाका ने बताया कि कक्षा 12 कला वर्ग में अध्ययनरत छात्र आदित्य व अनिल तेली का चयन 67वीं नेटबॉल नेशनल चैम्पियनशिप में किया गया है । इस प्रतियोगिता के लिए चयनित खिलाडी 26 से 30 अप्रैल तक रेवाडी, हरियाणा में आयोजित होने वाली 67वीं राष्ट्रीय विद्यालयी खेलकुद नेटबॉल प्रतियोगिता में राजस्थान टीम की तरफ से प्रतिनिधित्व करेगें। जो संस्थान के लिए बहुत की गौरव की बात है। इस अवसर पर संस्थान निदेशक रामनिवास ढाका, चैयरमैन सुरेन्द्र सिंह, प्रधानाचार्य डॉ. विजेन्द्र सिंह सहित प्रबंधन सदस्यों ने छात्रों को बधाई प्रेषित की।

AAVAS FINANCIERS LTD
SAPNE AAPKE SAATH HAMAARA
AAVAS FINANCIERS LIMITED
(CIN: L65922RJ2011PLC034297)
Regd. & Corp. Office: 201-202, 2nd Floor, Southend Square, Mansarovar Industrial Area, Jaipur-302 020, Rajasthan, India | Tel: +91 141 661 8800
Fax: +91 141 661 8861 | Email: info@aavas.in | website: www.aavas.in
PUBLIC NOTICE
Intimation for Shifting of SARDARSHAHAR Branch of the company to new location
This is hereby informed that Sardarshahar branch of company is going to shift from Ground Floor, Shop No. 1 & 2, Opp. Madan Hotel, Near Jat Vikas Parisad, Bikaner Road, Sardarshahar, Churu, Rajasthan – 331403 to Ground Floor, Plot No. 5 & 6, Choudhary Market, Near Madan Hotel, Bikaner Road, Sardarshahar, Churu, Rajasthan -331403 after three months from date of this notice.
For AAVAS FINANCIERS LIMITED
Sd/-
Sharad Pathak
Company Secretary and Compliance Officer
Date: 15 April 2024
Place: Jaipur